# आयोग को सबमिशनें

आपको लिखित सबमिशन देने के लिए आमंत्रित किया जाता है। आयोग कैनेडा की संघीय चुनावी प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थानों में विदेशी हस्तक्षेप के मामले पर जनता के सभी सदस्यों के अनुभवों, टिप्पणियों और विचारों के योगदान का स्वागत करता है (आयोग के जनादेश के संदर्भ में, "लोकतांत्रिक संस्थान" संसद और कार्यकारी शाखा को संदर्भित करते हैं)। आपको अपनी सबमिशन के लिए दिशानिर्देश नीचे मिलेंगे।

आयोग के अधिदेश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा जातीय और सांस्कृतिक समुदायों के सदस्यों के अनुभवों की जांच करना और उन पर रिपोर्ट करना है जो विशेष रूप से विदेशी हस्तक्षेप के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं। प्रवासी समुदायों के सदस्यों को लिखित सबमिशनें प्रदान करके आयोग के साथ जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

31 जुलाई, 2024 तक प्राप्त सभी सबमिशनें आयोग द्वारा पढ़ी और विचारी जाएंगी।

## आयोग के लिए अपना सबमिशन तैयार करने के लिए दिशानिर्देश

आपको अपनी सबमिशन जितनी जल्दी हो सके जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अपनी सबमिशन कब करनी है के बारे में अधिक जानकारी नीचे "महत्वपूर्ण तिथियां" शीर्षक के तहत दी गई है।

31 जुलाई, 2024 तक प्राप्त सभी सबमिशनें आयोग द्वारा पढ़ी और विचारी जाएंगी। आपकी सबमिशन को आयोग द्वारा लिखित रिपोर्ट में या आयोग की सार्वजनिक सुनवाई के दौरान संदर्भित किया जा सकता है या उसका हवाला दिया जा सकता है। जब तक आप हमें अपनी लिखित अनुमति नहीं देते, आयोग आपके बारे में कोई भी पहचान संबंधी जानकारी, जैसे आपका नाम या ईमेल पता, जारी नहीं करेगा। यदि आप नहीं चाहते कि आपके सबमिशन को संदर्भित किया जाए या उसका हवाला दिया जाए, तो अपने सबमिशन को स्पष्ट रूप से "गोपनीय" के रूप में चिह्नित करें।

अपना सबमिशन तैयार करते समय, आपको निम्नलिखित पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है:

- विशिष्ट रहें और, जहां उपयुक्त हो, अपने अनुभवों से संबंधित तथ्यों के बारे में विशिष्ट रूप से बताएं;
- उन सबसे महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान केंद्रित करें जो आप आयोग को बताना चाहते हैं; और
- अपना सबमिशन संक्षिप्त और केंद्रित रखें।

आप अपना सबमिशन अपनी पसंद की भाषा में कर सकते हैं। यदि आप फ्रेंच या अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में सबमिशन करते हैं, तो कृपया सबमिशन की शुरुआत में इस्तेमाल की गई भाषा की पहचान करें।

निम्नलिखित प्रश्न आपकी सबमिशन को तैयार करने में सहायक हो सकते हैं:

- **आप कौन हैं?** उपयोगी जानकारी में आपकी उम्र, व्यवसाय (यदि लागू हो), और प्रवासी समुदायों के साथ आपका कोई संबंध या भागीदारी शामिल है।
- **आप कैनेडा के संघीय चुनावों या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से कैसे जुड़े रहे हैं?** उपयोगी जानकारी में आपकी कोई भी राजनीतिक सदस्यता या संबद्धता, और आंतरिक पार्टी प्रक्रियाओं जैसे कि उम्मीदवार नामांकन, संघीय चुनाव प्रक्रिया, या सामान्य रूप से संघीय लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में आपकी कोई भागीदारी शामिल हो सकती है (उदाहरण के लिए, किसी उम्मीदवार के लिए स्वेच्छा से काम करना, किसी अभियान में भाग लेना, पैरवी करना, दान करना या मतदान करना)।

- **संघीय चुनावों या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विदेशी हस्तक्षेप के बारे में आप क्या जानते हैं?** उपयोगी जानकारी में यह शामिल है कि आप किस विदेशी हस्तक्षेप के बारे में जानते हैं, आप विदेशी हस्तक्षेप के बारे में कैसे जागरूक हुए, और क्या आप व्यक्तिगत रूप से कैनेडा के संघीय चुनावों या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करने के किसी विदेशी अभिनेता के प्रयासों का लक्ष्य रहे हैं।
- **कैनेडा के संघीय चुनावों या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विदेशी हस्तक्षेप से आप कैसे प्रभावित हुए हैं?** उपयोगी जानकारी में आपके स्वास्थ्य, रिश्तों, कामकाजी जीवन, या आपके द्वारा अनुभव किए गए अन्य प्रभावों पर कोई प्रभाव शामिल है, साथ ही अधिकारियों और संसाधनों जैसे कि कानून प्रवर्तन या सरकारी विभागों, सेवाओं, या विदेशी हस्तक्षेप से संबंधित एजेंसियों के साथ आपके किसी भी इंटरैक्शन के बारे में जानकारी शामिल है।
- **आपने विदेशी हस्तक्षेप पर क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की है?** उपयोगी जानकारी में कानून प्रवर्तन या सरकारी विभागों, सेवाओं, एजेंसियों, या विदेशी हस्तक्षेप से संबंधित स्वतंत्र संघीय संगठनों के साथ आपका कोई भी व्यवहार (dealings) शामिल है। यदि आपने विदेशी हस्तक्षेप का जवाब देने के लिए कानून प्रवर्तन, सरकारी विभागों, सेवाओं, एजेंसियों या स्वतंत्र संघीय संगठनों से सहायता मांगी या प्राप्त की है, तो आयोग यह जानने में रुचि रखता है कि वह सहायता कितनी प्रभावी थी, और यह सुनने में कि और क्या मदद कर सकता था।
- **आप आयोग से और क्या जानना चाहेंगे या उनके द्वारा विचारा जाना चाहेंगे?** उपयोगी जानकारी में विदेशी हस्तक्षेप का पता लगाने, उसे रोकने या उसका मुकाबला करने और विदेशी हस्तक्षेप के प्रति संवेदनशील लोगों की सुरक्षा या समर्थन करने से संबंधित कोई भी सुझाव या सिफारिशें शामिल हैं।

## अपनी सबमिशन आयोग को भेजना

आप आयोग को अपना सबमिशन ईमेल, मेल या सिग्नल एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप के माध्यम से प्रदान कर सकते हैं, जैसा कि नीचे बताया गया है। यदि आपके पास सबमिशन करने के बारे में कोई प्रश्न है, या यदि आप बिना सहूलत के लिखित रूप में सबमिशन करने में असमर्थ हैं, तो कृपया Consultation@pifi-epie.gc.ca पर आयोग से संपर्क करें और एक टेलीफोन नंबर प्रदान करें जिसका उपयोग आयोग की टीम आपसे चर्चा करने के लिए संपर्क करने के लिए कर सके।

### ईमेल

आप अपनी सबमिशन आयोग को निम्नलिखित ईमेल पते पर ईमेल कर सकते हैं:

consultation@pifi-epie.gc.ca

### सिग्नल

यदि आप एन्क्रिप्टेड माध्यमों का उपयोग करके आयोग को जानकारी प्रदान करने में अधिक सहज महसूस करते हैं, तो आप सिग्नल - प्राइवेट मैसेंजर ऐप के माध्यम से ऐसा कर सकते हैं। आयोग का सिग्नल यूज़रनेम है: signal_pifi_epie20.24

### डाक

आप अपना सबमिशन हमें निम्नलिखित पते पर सरफेस मेल द्वारा भेज सकते हैं:

Public Inquiry into Foreign Interference

90 Sparks St
Basement - 04
Ottawa, ON  K1A 0H9

## महत्वपूर्ण तिथियाँ

आयोग फॉल 2024 में सार्वजनिक सुनवाई आयोजित करेगा, जिसमें संघीय सरकार को सिफारिशें करने में आयुक्त की सहायता करने के उद्देश्य से सुनवाई भी शामिल है। इन सुनवाइयों के समय को ध्यान में रखते हुए, कोई भी सबमिशनें **31 जुलाई, 2024** से पहले की जानी चाहिएं।